
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# कल आएंगे CA फाइनल, इंटर और फाउंडेशन के रिजल्ट, ऐसे करे चेक।

Publisher Published on 05 Jul 2025




## ICAI मई 2025 सत्र के CA फाइनल, इंटर और फाउंडेशन परीक्षा का रिजल्ट कल दोपहर और शाम को घोषित करेगा, छात्र icai.nic.in पर चेक करे अपना स्कोर।

**नई दिल्ली :** चार्टर्ड अकाउंटेंसी की पढ़ाई कर रहे लाखों छात्रों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। **इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया** (ICAI) ने **मई 2025** सत्र की **CA फाइनल, इंटरमीडिएट** और **फाउंडेशन परीक्षाओं** का रिजल्ट कल **6 जुलाई 2025** को घोषित करने की घोषणा की है।

उम्मीदवार **ICAI** की आधिकारिक वेबसाइट icai.nic.in पर जाकर अपना रिजल्ट ऑनलाइन चेक कर सकेंगे।

**कब-कब जारी होगा रिजल्ट ?**

१. **CA फाइनल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट :** दोपहर 2 बजे तक
२. **CA फाउंडेशन का रिजल्ट :** शाम 5 बजे तक
३. **रिजल्ट के साथ ही ICAI की ओर से टॉपर्स की लिस्ट और पास प्रतिशत की जानकारी भी सार्वजनिक की जाएगी।**

कितने नंबर लाना जरूरी है पास होने के लिए ?

१. **ICAI के परीक्षा नियमों के अनुसार,**
२. **हर पेपर मे कम से कम 40% अंक जरूरी है।**
३. **फाउंडेशन परीक्षा मे कुल 55% अंक,**

४. **इंटर और फाइनल मे कुंल 50% अंक लाना अनिवार्य है।**

यदि किसी उम्मीदवार का किसी पेपर में **40%** से कम अंक है तो वह उस ग्रुप में फेल माना जाएगा, भले ही कुल अंक पासिंग मार्क से ज्यादा हों।

**कब हुई थीं परीक्षाएं ?**

१. **CA फाइनल (Group 1):** 2, 4 और 6 मई 2025
२. **CA फाइनल (Group 2):** 8, 10 और 13 मई 2025
३. **CA इंटर (Group 1):** 3, 5 और 7 मई 2025
४. **CA इंटर (Group 2):** 9, 11 और 14 मई 2025
५. **परीक्षाएं देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थीं।**

कैसे चेक करें अपना रिजल्ट ?

१. **सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट** icai.nic.in पर जाएं।
२. **होमपेज पर "CA Final / Intermediate / Foundation May 2025 Result" लिंक पर क्लिक करे।**
३. **रोल नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करे।**
४. **स्क्रीन पर दिख रहे कैप्चा कोड को भरे और "Submit" पर क्लिक करे।**
५. **आपका रिजल्ट स्क्रीन पर आ जाएगा।**
६. **विषयवार अंक और पास/फेल स्टेटस देखे और भविष्य के लिए रिजल्ट का प्रिंटआउट निकाल ले।**

रिजल्ट के साथ क्या-क्या होगा जारी ?

१. **सभी कोर्स के पास प्रतिशत**
२. **टॉपर्स की सूची**
३. **ग्रुप वाइज रिजल्ट डाटा**
४. **उम्मीद है कि इस बार भी रिजल्ट मे इंटर और फाइनल के पास प्रतिशत मे मामूली अंतर देखने को मिलेगा।**

**ICAI** की ओर से रिजल्ट जारी होने के बाद अगर किसी छात्र को अपने परिणाम से संबंधित कोई समस्या है तो वह **रीवैल्यूएशन** या वेरिफिकेशन के लिए **ICAI** की वेबसाइट से आवेदन कर सकते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.